

यूपी की हर छत बने ऊर्जा का स्रोत, हर घर बने हरित विकास का साथी

स्वच्छ ऊर्जा • आत्मनिर्भरता • सतत विकास

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य को हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्ध है। सौर ऊर्जा नीति-2022 के माध्यम से प्रदेश में घरों, किसानों, उद्योगों और सरकारी संस्थानों तक स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा पहुंचाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह पहल न केवल बिजली की बढ़ती मांग को पूरा कर रही है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन कम करने, रोजगार सृजन, किसानों की आय बढ़ाने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी नई गति दे रही है।

घर-घर सौर ऊर्जा

- अपनी छत को ऊर्जा उत्पादन का माध्यम बनाइए।
- बिजली बिल में उल्लेखनीय बचत।
- केंद्र एवं राज्य सरकार की सब्सिडी का लाभ।
- नेट मीटरिंग के माध्यम से अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजने की सुविधा।
- ऑनलाइन आवेदन एवं पारदर्शी प्रक्रिया।

किसान बने ऊर्जा उत्पादक (पीएम-कुसुम)

- सौर पंपों से कम लागत में सिंचाई।
- डीजल एवं पारंपरिक बिजली पर निर्भरता में कमी।
- खाली अथवा अनुपयोगी भूमि पर सोलर प्लांट स्थापित कर अतिरिक्त आय का अवसर।
- दिन में निर्बाध सिंचाई के लिए स्वच्छ ऊर्जा।

सोलर पंप योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2017- 18 से 2025 के बीच किसानों के खेतों में अलग- अलग क्षमता के 91,104 सोलर पंप लगाए गए।

पीएम सूर्य घर योजना से जगमग प्रदेश

कुल आवेदन (संख्या): 11,53,455

कुल इंस्टॉलेशन (संख्या): 6,99,303

कुल लाभान्वित परिवार (संख्या): 7,06,883

कुल स्थापित क्षमता: 2,356.78 मेगावाट (MW)

जारी की गई सब्सिडी: ₹4,652.73 करोड़

हरित शहर एवं ऊर्जा-सक्षम गांव

सोलर सिटी अवधारणा को बढ़ावा।

फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं का विकास।

सरकारी भवनों एवं संस्थानों में सौर ऊर्जा का विस्तार।

ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट एवं सार्वजनिक सुविधाओं का विकास।

उद्योगों के लिए ग्रीन एनर्जी

- उत्पादन लागत में कमी।
- ओपन एक्सेस एवं कैप्टिव सोलर परियोजनाओं को बढ़ावा।
- पर्यावरण-अनुकूल उद्योगों को प्रोत्साहन।
- कार्बन फुटप्रिंट घटाकर सतत विकास की दिशा में मजबूत कदम।

उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख पहलें

- उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के माध्यम से बड़े निवेश एवं सौर परियोजनाओं को प्रोत्साहन।
- रूफटॉप सोलर, ओपन एक्सेस, कैप्टिव एवं फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं के लिए अलग-अलग प्रावधान।
- पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।
- पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से किसानों के लिए सौर सिंचाई एवं ऊर्जा उत्पादन के नए अवसर।
- राज्य में फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं और ऊर्जा भंडारण आधारित सोलर प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

आज ही सौर ऊर्जा अपनाइए और उत्तर प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कीजिए।

ADVERTORIAL